राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग,
सी–विंग, सातवां तल, दिल्ली सचिवालय, इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, नई दिल्ली–02.

सं0फा0 05(15)/2014–15–क0सं0 एवं भाषा/ 2790-2840 **दिनांकः** 21/3/2017

सेवा में,

1. **समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार।**
2. **सचिव, माननीय मुख्यमंत्री/परिवहन मंत्री/वित्त मंत्री/श्रम मंत्री/समाज कल्याण मंत्री/खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री/स्वास्थ्य मंत्री, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली।**
3. **अतिरिक्त निदेशक, दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, यू.टी.सी.एस. बिल्डिंग, विश्वास नगर, दिल्ली ।**
4. **विशेष कार्याधिकारी, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद्, पालिका केन्द्र, नई दिल्ली।**
5. **आयुक्त, दक्षिण/उत्तर, दिल्ली नगर निगम, श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सैन्टर, मिन्टो रोड़, नई दिल्ली।**
6. **आयुक्त, पूर्व दिल्ली नगर निगम, 419, उद्योग सदन, पटपटगंज, औद्योगिकी क्षेत्र, दिल्ली–92.**
7. **अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (प्रशासन), दिल्ली पुलिस मुख्यालय, आई.पी.इस्टेट, नई दिल्ली।**
8. **सचिव, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय, माया मुनि राम मार्ग,पीतम पुरा,दिल्ली–88.**
9. **महाप्रबंधक, दिल्ली परिवहन निगम, इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, नई दिल्ली।**
10. **अध्यक्ष/महाप्रबंधक, दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड, शक्ति सदन, कोटला रोड़, नई दिल्ली।**
11. **विशेष कार्याधिकारी, दिल्ली जल बोर्ड, वरूणालय फेस–2, झंडेवालान, नई दिल्ली।**
12. **प्रबंधक (मा.सं.), प्रशिक्षण एवं हिन्दी अनुमाग, इन्द्रप्रस्थ पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड, ओ एंड एम भवन राजघाट पावर हाउस, नई दिल्ली–02.**
13. **दिल्ली सरकार के समस्त स्वायत्त निकाय/निगम, दिल्ली/नई दिल्ली।**
14. **दिल्ली सरकार के अंतर्गत समस्त समितियाँ/बोर्ड/परिषद्/संगठन, दिल्ली/नई दिल्ली।**

विषयः हिन्दी टाइप/हिन्दी आशुलिपि कक्षाओं का गठन।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय पर इस विभाग के दिनांक 20.2.2017 के पत्र संख्या 05(15)/2014–15–क0सं0 एवं भाषा/2080–2150 की और आकर्षित किया जाता है जिसमें इस विभाग द्वारा गठित की जाने वाली हिन्दी टाइप कक्षाओं के लिये दिनांक 28.02.2017 तक नाम भेजने का अनुरोध किया गया था। कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, दिल्ली सरकार तथा इसके अधीनस्थ कार्यालयों में हिन्दी टाइपिस्टों की उपलब्धता में बढ़ोतरी करने के लिये हिन्दी टाइप/हिन्दी आशुलिपि का प्रशिक्षण देता है ताकि दिल्ली सरकार के कार्यालयों में हिन्दी में कार्य करने में कोई असुविधा न हो। संदर्भित पत्र में अनुरोध किया गया था कि हिन्दी टाइप सीखने के लिये इच्छुक कर्मचारियों के नाम दिनांक **28.02.2017** तक इस विभाग में भिजवाने का कष्ट करें ताकि **दिनांक 06.03.2017 से कक्षाएं आरंभ** की जा सके। अभी तक अपेक्षित संख्या में नाम प्राप्त नहीं हुए हैं। अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि आप व्यक्तिगत रूचि लेकर अपने विभाग के अधिक–से अधिक कर्मचारियों के **नाम दिनांक 17.4.2017 तक इस** विभाग को भिजवा दें। इस सरकार की भाषा नीति को सफल बनाने में सहयोग करें ताकि **हिन्दी टाइप/आशुलिपि कक्षाओं का आरंभ अप्रैल/मई माह,2017 से किया जा सके।** हिन्दी टाइप प्रशिक्षण की अवधि छह माह तथा आशुलिपि का समय एक घंटा प्रतिदिन होगा। हिन्दी टाइप/आशुलिपि प्रशिक्षण की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके कर्मचारियों के नाम सेवा–III विभाग के दिनांक 9.5.2014 के परिपत्र सं0फा0 14(3)/2014/टी.टी./सेवा–III/1101 के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारियों की टाइप एवं आशुलिपि परीक्षा हेतु दिनांक 12.3.2015 पर दर्शाया गई प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा।

उपरोक्त प्रशिक्षण निम्नलिखित पते पर दिया जाता है :–

1. **हिन्दी टाईप व आशुलिपि प्रशिक्षण केन्द्र, कमरा नं0 20 दूसरी मंजिल, ओल्ड सिविल सप्लाई बिल्डिंग, तीस हजारी, दिल्ली।**

टीपः संबंधित जानकारी विभाग की वेबसाइट www.artandculture.delhigovt.nic.in पर देखी जा सकती है।

भवदीय

(धनंजय कुमार आजाद)
सहायक लेखाधिकारी (कला, संस्कृति एवं भाषा)

सं0फा0 05(15)/2014–15–क0सं0 एवं भाषा/ 2841-2842 **दिनांकः** 21/3/2017

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रसारित :–

1. हिन्दी टाईप व आशुलिपि प्रशिक्षण केन्द्र, कमरा नं0 20 दूसरी मंजिल, ओल्ड सिविल सप्लाई बिल्डिंग, तीस हजारी, दिल्ली।
2. श्री मोहम्मद अहमद, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कला, संस्कृति एवं भाषा को वेबसाइट में डालने के संदर्भ में।

(धनंजय कुमार आजाद)
सहायक लेखाधिकारी (कला, संस्कृति एवं भाषा)
दूरभाष संख्याः 23392001–4
इन्टरकॉम नम्बर : 2608